कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक– 1377 /11–सी–FP/UP/Others/16134/2015, लखनऊ, दिनांकः अक्टूबर 27 ,2021

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
गोरखपुर मण्डल,
गोरखपुर।

विषयः– जनपद–देवरिया में सोनौली–बलिया मार्ग एस0एच0–1, किमी0 153–154 के मध्य ग्राम–अहिलवार बुजुर्ग, तहसील–सदर, जनपद–देवरिया में एस्सार ऑयल लि0 द्वारा पेट्रोल पम्प के सम्पर्क मार्ग में प्रभावित 0.075028 हे0 संरक्षित वनभूमि का बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी0/यू0पी0/06/46/2017/एफ0सी0/895, दिनांक 11.09.2020, इस कार्यालय का पृष्ठांकन संख्या–631/11–सी–FP/UP/Others/16134/2015, दिनाँक–18.09.2020, इस कार्यालय का पत्रांक–2665/11–सी–FP/UP/Others/16134/2015, दिनाँक–29.04.2021 एवं आपका पत्रांक–986/2–6, दिनांक 20.10.2021

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्ति का बिन्दुवार निराकरण आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है, जिसके परीक्षणोपरान्त पुनः निम्न कमियों/अभिलेखों का अभाव पाया गयाः–

1. भारत सरकार की आपत्ति के निराकरण के क्रम में आपके द्वारा संशोधित प्रस्तावित रिटेल आउटलेट स्थल के Geo Referenced Digital Map एवं के0एम0एल0 फाइल के स्थान पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल का Geo Referenced Digital Map एवं के0एम0एल0 फाइल की सीडी संलग्न कर प्रेषित की गयी है, जोकि गलत है। अतः भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रस्तावित रिटेल आउटलेट स्थल की संशोधित Geo Referenced Digital Map जो प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा सत्यापित हो एवं के0एम0एल0 फाइल की सीडी तीन प्रतियों में संलग्न करते हुये ऑनलाइन भाग–1 में से पूर्व का डिलिट कर यथास्थान पर संशोधित Geo Referenced Digital Map एवं के0एम0एल0 फाइल अपलोड करें।

अतः विषयगत प्रकरण में भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा की गयी आपत्ति का संशोधित बिन्दुवार निराकरण कर सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख संस्तुति सहित तीन प्रतियों में इस कार्यालय तत्काल प्रेषित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 1377 /11–सी– FP/UP/Others/16134/2015, दिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया।
2. डिविजनल मैनेजर, नयारा एनर्जी लि0 (पूर्व में एस्सार ऑयल लि0), अरिहन्त काम्पलेक्स, सिगरा, वाराणसी।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-363